डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 343 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 01 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया

### जहरीली दवा खाई, मौत

**नीमच, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुरा में शनिवार को एक 35 वर्षीय विवाहित महिला ने अज्ञात कारणों से चूहा मारने वाली दवाई खा ली। महिला की हालत बिगडने पर परिजन उसे नीमच के बड़े अस्पताल लेकर आए। जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान पिंकी उर्फ रिंकी पति रोशन उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। महिला के दो बच्चे हैं और उसका मायका झारखंड में है।

बताया गया है कि पिंकी की शादी किशनपुरा में हुई थी और वह वहीं अपने परिवार के साथ रह रही थी। महिला के पति रोशन ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करते हुए उसकी मौत का कारण डेंगू बताया। हालांकि अस्पताल से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को वास्तविक घटना की जानकारी मिल गई। पुलिस की मौजूदगी में मृतका के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। सिटी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।




# सोयाबीन: समेटना जरूरी, सस्ते में बेचना मजबूरी..!

## रबी की तैयारी के लिए रुपयों की जरूरत, पंजीयन में देरी, छोटे किसानों को नहीं लाभ



**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनो सोयाबीन को लेकर खासा तनाव किसानों के चेहरे पर नजर आ रहा है। बारिश के बाद खेतों में पड़ी फसल अंकुरित होने लगी है। इधर सरकार ने आनन-फानन में समर्थन मूल्य 4 हजार 892 रुपए तय किए और खरीदी का ऐलान कर दिया। लेकिन, सरकार निर्णय लेने में लेट हो गई। खरीदी कब शुरू होगी ये भी तय नहीं है। गत 25 सितंबर से पंजीयन होना थे, लेकिन पोर्टल ठप होने व फॉर्म नहीं आने से वे भी शुरू नहीं हुए। जबकि, 20 अक्टूबर पंजीयन की आखिरी तारीख है, यानी खरीदी इसके बाद होगी। जबकि, खरीफ फसल समेटने और रबी की तैयारी के लिए किसानों को अभी रुपए की जरूरत है। वहीं दीवाली पास आ रही है। त्योहारी सीजन के साथ घरेलू खर्चे भी प्राथमिकता में हैं। यदि सरकार नवंबर में खरीदी करती है तो छोटे व सीमांत किसानों को फायदा नहीं मिलेगा। क्योंकि, रुपए की जरूरत होने से वे औने-पौने भाव में सोयाबीन बेचने को मजबूर है। छोटे किसानों के पास भंडारण की जगह भी नहीं होती, इसलिए वे खेत से सीधे मंडी का रूख करते हैं। इससे स्पष्ट है कि सक्षम किसान ही लाभ लेंगे।

### किसान का घर चलाती खरीफ फसल...

जल्दी पकने वाली सभी वैरायटी की सोयाबीन आ चुकी है। किसान इसे खेतों से समेटकर मंडियों में ला रहे हैं। बता दें कि खरीफ वह सीजन होती है, जिसकी उपज का किसान भंडारण नहीं कर पाते। क्योंकि, इसकी आमदनी से वे घर खर्च चलाने के साथ रबी की तैयारी करते हैं। सिर्फ सक्षम और बडे काश्तकार के पास भंडारण क्षमता होती है। सरकार को यदि छोटे किसानों को लाभ देना था तो अक्टूबर की शुरुआत में सोयाबीन की खरीदी शुरू करना थी। पोर्टल की गड़बड़ी तो कहीं फॉर्म नहीं आने के कारण पंजीयन शुरू नहीं हो सके हैं।

### क्वालिटी और उत्पादन दोनों प्रभावित...

पीला मोजेक व अफलन के कारण सोयाबीन का औसत उत्पादन कम हुआ है। खासकर 9560 या जल्दी पकने वाली अन्य वैरायटी में 2 से 3 क्विंटल प्रति बीघा उत्पादन ही हुआ है। बारिश भी शुरू हो गई है। नमी के कारण थ्रेशर से निकालते वक्त सोयाबीन दाने के साथ भूसे के - डंठल भी आ रहे हैं। किसान धर्मराज गुर्जर ने कहा कि पीला मोजेक से प्रभावित फसलों में ज्यादा डंठल आ रहे हैं। क्योंकि, बीमारी से तना कमजोर हो गया और समय से पहले फसल पक गई। मंडी में बेचने से पहले सफाई (डंठल व सोयाबीन की छंटनी) करना चुनौती है। इसमें समय व पैसा दोनों बर्बाद होंगे।

### भंडारण की व्यवस्था नहीं और रुपए की जरूरत, इसलिए बेच रहे...

गुरु एक्सप्रेस ने एक किसान से बात की। जिसमें उसने बताया कि 8 बीघा खेत है। इसमें 30 क्विंटल उपज हुई। फसल समेटने वाले मजदूरों व थ्रेशर का भुगतान करना है। रबी के लिए खेत तैयार करने हैं। साथ ही दीवाली नजदीक है। रुपए की आवश्यकता होने से उपज बेचने में लंबा इंतजार नहीं कर सकते हैं। 3 क्विंटल सोयाबीन 3400 रुपए के भाव में बेचकर फसल कटाई वाले श्रमिकों को भुगतान किया। जबकि, 1200 रुपए महीने में किराए का घर लेकर वहां बाकी उपज रखी है। उसे भाव बढने या समर्थन खरीदी शुरू होने पर बेचेंगे। दिनेश राजपूत ने बताया कि सरकार को खरीदी करनी थी और वास्तव में छोटे व सीमांत किसानों को लाभ देना था, तो अभी खरीदी शुरू हो जाना थी।



# बारिश से सराबोर हुआ अंचल

## मंदसौर में डेढ़ घंटे में सवा इंच बारिश, कई सड़के हुई जलमग्न

### [ जिले की कई पुलियाओं पर पानी, जान डाल रहे जोखिम में, नरसिंहपुरा में एक्टिवा बही, जैसे तैसे बचा युवक ]




**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को शहर सहित अंचल में कई जगह तेज बारिश हुई। जिसके चलते नदी नाले उफान पर आ गए। इधर शहर के साथ ही कई स्थानो पर नदी-नालो पर बनी पुलिया पर पानी होने से रास्ते बंद हो गए। लेकिन, इसके बाद भी लोग जान जोखिम में डालकर वाहन से पुलिया पार करते नजर आए। नरसिंहपुरा में एक स्कूटी सवार ने पुलिया पर पानी होने के बावजूद पुलिया पार करने की कोशिश की। इस दौरान वह वाहन सहित बहने लगा। जैसे-तैसे युवक तो बच गया। लेकिन, वाहन बह गया। खजूरी आंजना तालाब की पाल पर बनी पुलिया पर पानी होने के बाद भी लोग इसे पार करते नजर आए। इसी तरह की स्थिति कई जगहों पर बनी।

### डेढ़ घंटे तेज बारिश...

शहर में सुबह से ही तेज गर्मी से लोगों के हाल बेहाल नजर अ रहे थे। तेज धूप और उमस से लोगों की परेशानी चेहरे से झलक रही थी। इसके बाद दोपहर पौने तीन बजे अचानक आसमान पर बादल छाए और तेज बारिश का दौर शुरु हुआ। करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश हुई। जिसके चलते नयापुरा रोड, धानमंडी सहित कई जगहों पर पानी जमा हो गया। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। बारिश के चलते गर्मी से लोगों को राहत मिली। इधर बारिश बंद होने के बाद शाम को फिर धूप खिल गई। इसके साथ ही फिर से उमस भी लोगो को परेशान करने लगी।

### तेज रफ्तार बाईक असंतुलित होकर गिरी, तीन घायल

**मनासा, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के बायपास रोड स्थित भाटखेड़ी नाके पर सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक पर सवार तीन जन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए शहर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलो में से एक को गंभीर स्थिति में नीमच के बड़े अस्पताल भेजा गया है। घटना रविवार दोपहर की बताई गई है। जब बाइक सवार वेद प्रकाश पिता रामधनी पांडे 35 वर्ष अपनी पत्नी किरण पति वेद प्रकाश पांडे और प्रियंका पति दयाशंकर पांडे तीनों निवासी मंदसौर आ रहे थे। तभी उनकी बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को राहगीरों ने तत्काल मनासा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कर लिया। जबकि, गंभीर हालत में वेद प्रकाश पांडे को इलाज के लिए बड़े अस्पताल नीमच रेफर कर दिया है। वेदप्रकाश के पैर में गम्भीर चोट आई है।

## अफीम तस्कर को तीन साल की सजा, 25 हजार रूपए जुर्माना भी लगाया

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी कपिल पिता रमेशचंद्र पाटीदार आयु 26 वर्ष निवासी सरकारी स्कूल के पास ग्राम साखतली थाना सीतामऊ जिला मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने के आरोप का दोषी पाकर 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर 2017 को पुलिस थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर प्रकोष्ठ मंदसौर के निरीक्षक डीवीएस नागर को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी कपिल दिन के करीब 02:00 बजे अफीम लेकर राणाखेड़ा फंटा से बस में बैठकर सीतामऊ जाने वाला है। कपिल ने नीले रंग की जींस की पेंट व पूरी बांहो



वाली शर्ट पहनी है, यदि समय पर दबिश दी जाये तो उसे पकड़ा जा सकता है। मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स टीम को राणाखेड़ा फंटा दलौदा बिलांत्री रोड़ घेराबंदी की गई। कुछ देर बाद मुखबीर के बताए अनुसार एक व्यक्ति अपने दाहिने हाथ में पीले रंग की प्लास्टिक की थैली लेकर आता हुआ दिखा, जिसे मय फोर्स के रोककर तलाशी लिये जाने पर प्लास्टिक की थैली को खोलकर देखने पर उसके अंदर काला गाड़ा तरल पदार्थ भरा हुआ था। जिसे चेक किया गया तो उक्त पदार्थ अफीम होना पाया गया। मादक पदार्थ परिवहन के संबंध में आरोपी से पूछे जाने पर कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। मादक पदार्थ का तौल किये जाने पर कुल वजन 1 किलोग्राम पाया गया, मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर सेल इंदौर में अपराध धारा 8/18 में एफआईआर लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं अनुसंधान कार्यवाही पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजक द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया गया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विषेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## लेन-देन को लेकर मारपीट, दोनों पक्षों पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** रुपए लेन-देन को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर क्रास केस दर्ज किया। कचनारा निवासी श्यामलाल पिता गोविन्द बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि में कमल पिता भंवरलाल बावरी के ट्रेक्टर पर ड्राइवरी का कार्य करता हूं, मैंने कमल से बोला कि ट्रेक्टर ले जा रहा हूं, मुझे मेरी खेती की सोयाबीन निकालना है तो कमल ने मना कर दिया। मैंने मेरी मजदूरी के रुपए मांगे तो कमल ने गाली-गलौज की व कमल के बेटे जितेन्द्र ने लोहे के सरिए की सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। कमल ने लकडी से मारा, जिससे चोंट आई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। इसी तरह कमल पिता भंवरलाल बागरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैंने श्यामलाल बागरी ने मुझसे रुपए मांगे, मैंने रुपए दे देने की बोला तो गाली-गलौज की व श्यामलाल ने पत्नी के साथ मिलकर पत्थर फेंके व मारपीट की, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।



## फैक्ट्री में लगा युवक को करंट, मौत

**शामगढ़, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया के रहने वाले 24 वर्षीय युवा पवन विश्वकर्मा पिता हरिराम विश्वकर्मा की फैक्ट्री में काम करते वक्त रविवार शाम करंट लगने से मौत हो गई। शामगढ़ पुलिस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

मृतक युवक पवन के भाई राहुल ने जानकारी देते हुए बताया कि हम दोनों भाई राधेश्याम बंजारा निवासी छायन रुण्डी के खिलौने की फैक्ट्री जो ग्राम पिछला के पास है, पर काम करने गए थे। शाम करीब 07.30 बजे मैं फैक्ट्री पर पर था। मेरे सेठ राधेश्याम बंजारा का लड़का होकम बंजारा मेरे छोटे भाई पवन को अपने साथ लेकर गया। करीबन 08 बजे मेरे भाई को बेहोशी की हालत में लेकर वापस आया और मुझे बोला कि पवन को करंट लग गया है। फिर मैं और मेरे सेठ का लडका पवन को सरकारी अस्पताल शामगढ लेकर आए। जहां पवन को मृत घोषित कर कर दिया गया। वहीं मृतक के परिजनों का आरोप है कि बाइक पर पवन के शव को रखकर शामगढ़ अस्पताल में रखकर सेठ का बेटा अपने साथ सफेद कलर की एक गाड़ी से भाग गए। रविवार रात मृतक पवन का शव शामगढ़ सरकारी अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया गया। जिसका पोस्टमॉर्टम सुबह कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पत्नी प्रिया कुमारी गर्भवती है, जिसके 9 वां महीना चल रहा हैं। पिता अपने बच्चों का मुंह नहीं देख पाया और मौत हो गई। घटना में शामगढ थाना प्रभारी उदय सिंह अलावा ने बताया कि देर रात मर्ग कायम कर घटनास्थल पर टीम पहुंची है, जिसकी विस्तृत जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बीच-बचाव करने गए युवक को पीटा, 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** झगड़ा कर हे युवक के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट सहित एससीएसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। काचरिया चन्द्रावत निवासी अर्जुन बागरी ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव में घर के पडोसी बबलू, सीताराम, पवन व भेरुलाल खारोल के लड़के आपस में झगड़ रहे थे, मैं बीच-बचाव करने गया तो मुझे जातिसूचक शब्दों से गालियां दीव मारपीट कर सिर पर लकड़ी से मारी। पुलिस ने बबलू खारोल, सीताराम खारोल, पवन खारोल के खिलाफ मारपीट सहित एससीएसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया।





## नहीं थम रहे नशे के सौदागर..!

### सुवासरा नगर के बाजार में पसरा सन्नाटा, लोगों ने नशे के विरोध में स्वेच्छा से किया बंद

### [ पुलिस बनी हुई है सुस्त, तस्कर बेखौफ ]

**सुवासरा, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर सहित क्षेत्र में बढ़ता नशे का कारोबा और आए दिन हो रही चोरियो के विरोध में मंदसौर का सुवासरा नगर सोमवार को बंद रहा। दोपहर में नगर की जनता ने एक ज्ञापन सौंपकर कानून व्यवस्था को ठीक करने, चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व अवैध शराब, अफीम, गांजा, स्मैक जैसे मादक पादर्थ बेच रहे तस्करों को चिन्हित कर उनकी धरपकड़ की मांग की।

वैसे तो जिले में कई जगहों पर नशे के सौदागर सक्रिय है। लेकिन, सुवासरा में बीते कई दिनों से नशे के सौदागरों ने अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया है। गांजा, स्मैक, अवैध शराब सहित कई नशे इस तरह से बिक रहे हैं, मानो सरकार से मान्यता प्राप्त कर रखी हो। खासकर युवा वर्ग इस नशे की चपेट में आ रहा है। इसका असर परिवारों पर भी पड़ रहा है। नशे के चलते कई आपराधिक मामले थाने तक पहुंच रहे हैं। शिकायतों का असर नहीं हो रहा। यही कारण है कि अब सुवासरावासी आंदोलन की राह पर उतर गए। धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने मोर्चा खोलते हुए सोमवार को सुवासरा नगर बंद का आव्हान किया गया था। इस बंद को नगरवासियो का भारी समर्थन मिला।

नशे के विरुद्ध कई बार पुलिस कार्यवाही करती है। लेकिन, ठोस कार्यवाही के अभाव एवं मुख्य सरगना के ऊपर कार्यवाही नही होने के चलते अवैध कारोबार फिर शुरू हो जाता है। जब पुलिस नशेड़ियों और इसका कारोबार चलाने वालो के खिलाफ लगातार कोई अभियान चलाकर कार्यवाही करती है तो कई बार जनप्रतिनिधियों और बाहुबलियों के हस्तक्षेप की बात भी सामने आती है। इसलिए पुलिस भी इक्का-दुक्का कार्रवाई कर इतिश्री कर लेती है।

जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने भी आबकारी विभाग को जिले में नियम विरुद्ध चलने वाली अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पत्र लिखा।

#### इनका कहना...

मैने थाना प्रभारी को निर्देश दिए है। वो इस पर काम भी कर रहे है। जल्द ही इसके परिणाम जनता के सामने आएंगे।

**हेमलता कुरील एडिशनल एस पी गरोठ**

आज जो बंद किया गया है। उसका समाधान प्रशासन को ढूंढना चाहिए और जो कोई नशे के कारोबार में शामिल हैं, उस पर कार्रवाई करना चाहिए। नशे के सौदागरों की जड़ों तक पहुंचकर उसे खत्म करना होगा।

**हरदीपसिंह डंग, पूर्व मंत्री एवं विधायक सुवासरा**

हम लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। आज भी एक एनडीपीएस की कार्रवाई में सुवासरा के ही व्यक्ति को पकड़ा है। आगे और सख्ती की जाएगी। ये आपको नजर भी आएगी।

**अभिषेक आनंद, पुलिस कप्तान मंदसौर**

### रास्ता रोकने से मना किया तो पीटा

**पिपलियामंडी, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी रास्ता रोकने से मना किया तो पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जेतपुरा निवासी विजय पिता नारायण दमामी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रात्रि 8.30 बजे जेतपुरा सरकारी रास्ते पर हजारीलाल पिता प्रताप नायक ... शेष पेज 4 पर



## कार्रवाई:एमडी-अफीम के साथ दो गिरफ्तार

### झालावाड़ से लेकर आए थे, देने वाले की तलाश जारी

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पिपलियामंडी पुलिस ने एमडी ड्रग्स और अफीम के साथ दो आरोपियोंको गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक एमपी 14 जेडई 5654 को रोका गया। बाइक सवार ईरफान पिता अब्दुल गफुर उम्र 38 साल निवासी डग थाना डग जिला झालावाड राजस्थान की तलाशी ली गई। जिसमें उसके पास से दो सौ ग्राम एमडी डग्स व दो सौ ग्राम अफी मिली। इसके अलावा प्रकाश पितामदनलाल प्रजापत निवासी तरनौद थाना सुवासरा जिला मंदसौर के पास दो सौ ग्राम एडी ड्रग्स मिली। आरोपियों ने मुन्ना लाला निवासी चाचुरनी जिला झालावाड राजस्थान से मादक पदार्थ एमडी व अफीम लेकर आना बताया है। जिसके आधार पर प्रकरण मे मुन्ना लाला निवासी चाचुरनी जिला झालावाड राजस्थान को आरोपी बनाया गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

### नवरात्रि में मांस, मछली, अंडा विक्रय प्रतिबंधित

**पिपलियामंडी, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद का नवरात्रि पर्व पर नगरीय क्षेत्र में मांस,अंडा,मछली, विक्रय को लेकर के दिनांक 03/10/2024 से 11/10/2024 तक प्रतिबंध, मुख्य नप अधिकारी प्रवीण सेन ने किया आदेश जारी किये।

# बारिश से खेतों में डूबी सोयाबीन की फसलें, खेत बनें तालाब



**खजूरीआंजना 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में बारिश की जडी ने किसानों की उम्मीद पर एक बार फिर फेरा पानी किसानों की हालत हुई बत्तर जहां देखो वहां खेत बने तालाब करीब 1 सप्ताह से लगातार क्षेत्र में बारिश से खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल में खड़ी-खड़ी अंकुरित होने लगीं व जिन किसानों ने सोयाबीन की फसल को काटकर अपने खेतों में छोड़ रखा वह सोयाबीन की फसल खेतों में पडी पडी अंकुरित व सड़ने लगीं। जिससे किसान काफी मायूस नजर आ रहे हैं क्षेत्र में हुई तेज बारिश से कई खेतों में जल भराव हो गया है। जिन किसानों ने सोयाबीन की फसल को काटकर खेतों में रखी थी वह डूब गई अब इसे समेटने में दुगनी मजदूरी लगेंगी इसके बाद भी लागत व मेहनत दोनों ही डबल बढ़ गई है। किसान जैसे तैसे अगर अपनी फ़सल को समेट भी ले तों आखरी में आकर घाटे का सोदा ही है अब भी बची कुची फ़सल पर भी पानी लगने से सड़ने कि कगार पर आ गई हैं और क्वालिटी ही खत्म हो गई है व उपज के औसत में भी भारी कमी देखनें कों मिलेंगी।

ग्राम खजुरी आंजना व रातिखेडी के किसानों ने बताया कि पहले ही सोयाबीन की फ़सल का लागत मूल्य भी निकालना मुश्किल हो रहा है और अब एक हफ्ते से यह बारिश से फ़सल खराब हो गई हैं और तो और कहीं खेत तालाब नजर आने लगे हैं उस जगह पर सोयाबीन की फ़सल को घर पर लेकर आना यह सबसे बडी चुनौती हो गई है क्योंकि फसल तो पूरी तरह पानी में सड़ गई है जिससे किसान काफी मायूस नजर आ रहे हैं जो फसल पानी में डूब गई है उसे मौसम खुलने के बाद तीन चार बार पलटाना पडेगा तब जाकर नमी खत्म हो सकती है । इसके बाद थ्रेसर मशीन में निकालने का काम हो सकता है इसमें किसानों को तीन गुना मेहनत व दुगनी मजदूरी लगेंगी जिससे किसानों की लागत भी निकालना मुश्किल हो जाएगा । सोमवार करीब 3:00 बजे बाद क्षेत्र में मुसलाधार व आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हुई करीब 35 मिनट की बारिश ने किसानों के खेतों में फसलों को तीतर भीतर कर दिया और खेत तालाब जैसे दिखने लगें । खेतों में खडी हुई फसलें अब किसानों को समेटना ऊंट के मुंह में जीरे के सम्मान हो गया है क्योंकि किसानों ने जो खर्चा लगाया है व निकलना भी बड़ा मुश्किल हो गया हें । इस बार किसानों कि फ़सल घाटे का सौदा हो गया है सरकार को तत्काल मुआवजा राशि देना चाहिए ताकि किसानों को थोडी सी राहत राशि मिल सकें । जिले के ग्राम झावल अफजलपुर मेरूखेड़ी सहित आसपास क्षेत्र में मूसलाधार बारिश,, करीब 30 मिनट कि आंधी तुफान के साथ बारिश ने कर दिये किसानों के हालत खराब जिन किसानों की सोयाबीन कि फ़सल कटी हुई खेतों में पडी करीब आज़ 5 दिन होने को आये उनकी सोयाबीन की फ़सल खेतों में पडी पड़ी अंकुरित होने लगीं वहीं खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल भी अंकुरित होने लगी है जिससे किसान बडे ही निराश नजर आ रहे हैं। सभी किसान सरकार पर अपनी आप आस बांधे हुए हैं

### क्षेत्र में किसानों के खेत तालाब में बदले

**जोगीखेड़ा, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के ग्राम जोगीखेडा सहित रातीखेडी , खजुरी आंजना, झिरकन, सिखेडीं, बडवन, अफजलपुर, भाटरेवास, लसुडावन, क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के कारण फसलों में भारी नुकसान हो गया खासकर सोयाबीन पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है आज दोपहर 3:00 बजे बारिश शुरू हुई करीब 30 मिनट कि आंधी तुफान के साथ बारिश ने कर दिये किसानों के हालत खराब जिन किसानों की सोयाबीन कि फ़सल कटी हुई खेतों में पड़ी करीब आज़ 5 दिन होने को आये उनकी सोयाबीन की फ़सल खेतों में पडी पड़ी अंकुरित होने लगीं वहीं खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल भी अंकुरित होने लगी है जिससे किसान बडे ही निराश नजर आ रहे हैं।





# श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अग्रवाल समाज देशी पंचायत मंदसौर के द्वारा महाराजा अग्रसेनजी की 5148 वी जयंती हर्षोल्लास के मनाई जा रही है। 29 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक नरसिंहपुरा स्थित महाराजा अग्रसेन मांगलिक भवन में पांच दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कल पांच दिवसीय महोत्सव के प्रथम दिवस श्री अग्रसेनजी जयंती महोत्सव का शुभारंभ हुआ। अग्रवाल समाज अध्यक्ष आशीष गुप्ता, समाज के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल, समाज के वरिष्ठजन महावीर प्रकाश अग्रवाल पत्रकार, ओमप्रकाश अग्रवाल, डॉ. मुकेश बागड़ी, डॉ. अलका अग्रवाल, आदिश गर्ग, सनत गर्ग, आर.के. अशोक मित्तल टॉकिज, सुभाष गुप्ता, पार्षद प्रमिला संजय गोयल, समाज की महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शशि अग्रवाल, महामंत्री रानी सिंहल, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष गौरव मित्तल, गर्ल्स क्लब अध्यक्ष सुश्री आर्शी संजय गोयल ने महाराजा अग्रसेनजी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद जीरो से 3 वर्ष की आयु के बच्चों एवं कक्षा नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के बच्चों के साथ ही अन्य प्रतियोगियों के लिये भी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की माता, बहनों व गणमान्य नागरिकों ने प्रतियोगिता का आनंद लिया।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री आाशीष गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेनजी ने हमें संस्कार, व्यवहार एवं व्यापार का जो गुरू मंत्र दिया है हम सभी उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रयास करे। महाराजा अग्रसेनजी की जयंति पूरे पांच दिवस तक हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। सभी समाजजन उसमें बढ़चढ़कर भागीदारी करे। हम सभी मिलजुलकर समाज का काम करे। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं सहयोगी बने। वरिष्ठ पत्रकार महावीर प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज मिलजुल के पांच दिवसीय महोत्सव मना रहा है। मैं समाज अध्यक्ष व उनकी टीम को बधाई देता हूॅ। जिन्होंने पूरे पांच दिवसीय कार्यक्रमों का पूरा स्वरूप समाजजनों के सामने रखा और उसे मूर्त रूप दिया। समाज के पूर्व अध्यक्ष पत्रकार नरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि मंदसौर में अग्रवाल समाज सभी गतिविधियों में अग्रणी रहने वाला समाज है। समाज ने अपने परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। आपने दानदाताओं के द्वारा की गई पूर्व घोषणाओं का भी उल्लेख किया। डॉ.अलका अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार माला में सभी मोती महत्वपूर्ण होते है उसी प्रकार समाज का हर व्यक्ति व परिवार महत्वपूर्ण है। समाज के द्वारा जो पांच दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई है वह सराहनीय है। सभी समाजजन इसमें शामिल होवे। कार्यक्रम में स्वागत समाज अध्यक्ष आशीष गुप्ता, महासचिव ओम अग्रवाल सर, महामंत्री हेमन्त अग्रवाल, महिला मण्डल अध्यक्ष शशि अग्रवाल, महासचिव रानी सिंहल, श्वेता अग्रवाल, गर्ल्स क्लब अध्यक्ष आर्शी संजय गोयल, महासचिव खुशी गोयल, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष गौरव मित्तल, उपाध्यक्ष यश मित्तल, यश गर्ग, रोहित अग्रवाल सचिव अंशुल अग्रवाल, सहसचिव तरूण अग्रवाल, सांस्कृतिक सचिव सुनील मित्तल, खेल सचिव विनय गुप्ता, प्रवक्ता आयुष अग्रवाल, मोहित गर्ग, परामर्शदाता गौरव अग्रवाल, हार्दिक गर्ग, ऋषि मित्तल, सोम्य गर्ग, अंकुर गुप्ता आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन ओम अग्रवाल ने किया व आभार सांस्कृतिक सचिव ललित अग्रवाल ने माना।

**ध्वजारोहण हुआ–** रविवार को प्रात: समारोह के शुभारंभ अवसर पर समाज के वरिष्ठ हंसराज अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, समाज अध्यक्ष आशीष गुप्ता के द्वारा अग्रसेन मांगलिक भवन में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आदिश गर्ग का जन्मदिन भी मनाया गया।

# शिविर में 200 सफाई मित्र कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कल नगर नगर पालिका परिषद् मंदसौर के द्वारा नपा में कार्यरत सफाईमित्रों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 200 सफाईमित्रों (कर्मचारियों)का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में सफाईमित्रोंके स्वास्थ्य की जांच की गयी तथा उन्हें नि:शुल्क चिकत्सकीय परामर्श दिया गया तथा जरुरतमंद सफाईमित्रों की दवाईयाँ भी प्रदान की गयी। इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर,स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना ने किया स्वास्थ्य शिविर में जलकर सभापति श्री निलिश जैन,प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री हेमचंद शर्मा सहित नपा के प्रभारी दरोगा एवं सफाईमित्रगण भी उपस्थित थे। इस शिविर में जिला चिकत्सालय के प्रदीप चौहान एवं स्वास्थ्य विभाग की आशाकर्ताओं व अन्य स्टाफगणों ने भी सराहनीय सेवाएँ दी शिविर के उदघाटन अवसर पर सफाईमित्रों को शासन की विभन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी डी गयी। नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कहा की नगर पालिका परिषद् ने सफाईमित्रों के स्वास्थ्य की ही नहीं अपितु उनके जीवन स्तर को उँच्चा उठाने के लिए भी हर संभव कोशिश की है। सफाईमित्रों को शासन के नियमों के अनुसार शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए हमारी परिषद् निरंतर प्रयत्नशील है। कार्यक्रम का संचालन श्री चंद्रशेखर नागदा ने किया तथा आभार स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना ने माना।

# मासिक सैनिक सम्मलेन 9 को

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियो, विधवाओ और आश्रितों को सूचित किया जाता है कि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा आपकी समस्याओ का निराकरण, शासकीय / विभागीय कल्याणकारी योजनाओ के बारे में जानकारी देने हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय (एच डी एक्स 33 दुमंजिला किटीयानी) मंदसौर में मासिक सैनिक सम्मलेन का आयोजन 09 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12.00 बजे रखा गया है। सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियो, विधवाओ और आश्रितों से आग्रह है कि सैनिक सम्मेलन के लिए एजेंडा, पॉइंट, सुझाव, समस्याएँ इत्यादि (पूरे विवरण के साथ) को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मंदसौर में 07 अक्टूबर 2024 तक लिखित मे पोस्ट द्वारा या dswomas@mp.gov.in पर email करके पहुंचा सकते है, ताकि उनपर सैनिक सम्मेलन के दौरान विचार विमर्श करके निराकरण किया जा सके। पूर्व सैनिकों, वीरनारियो / विधवाओ और आश्रितों से यह भी आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सम्मलेन में शामिल होकर सफल बनावे। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 07422-299117 पर सम्पर्क करें।





# मंदसौर को संभाग बनाने की मांग को लेकर कल से शुरू होगा पोस्टकार्ड अभियान

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर को संभाग बनाओ चरण बद्ध आंदोलन के तहत मंदसौर नागरिक मंच आप और हम द्वारा जो आंदोलन शुरू किया गया है उसे क्रम में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के दिन प्रात: 9:00 बजे गांधी चौराहा से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया जाएगा।जिसमें मंदसौर के नागरिक मुख्यमंत्री से मंदसौर जिले को संभाग बनाने की मांग करेंगे।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों नगर पालिका सभागार में मंदसौर नागरिक मंच आप और हम के तत्वावधान में एक बड़ी बैठक आहूत की गई थी जिसमें बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य जन सम्मिलित हुए थे और सर्वसम्मति से चरणबद्ध आंदोलन किए जाने की बात वहां कही गई थी। उसी के अनुरूप 2 अक्टूबर को पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया जाएगा मंदसौर नागरिक मंच आप और हम कौर ग्रुप के सदस्य सर्वश्री गुरुचरण बग्गा, अभय डोसी, नरेन्द्र अग्रवाल, ब्रजेश जोशी,हिम्मत डांगी,अर्जुन डाबर,रमेश चंद्र चंद्रे,उमेश पारिख,शरद धीग, रत्नेश कुदार,पुष्पेंद्र भावसार, कन्हैया लाल सोनगरा, संजय तरवेचा ने नगर वासियों से आव्हान किया है कि पोस्ट कार्ड अभियान में भाग लेवें और प्रदेश के मुख्य मंत्री डा मोहन यादव के नाम पोस्ट कार्ड लिख कर मंदसौर को संभाग बनाने मांग करे और इस अभियान का समर्थन करें। पोस्ट कार्ड अभियान 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर प्रात: 9 बजे गांधी चौराहे पर आरंभ किया जाएगा। यह जानकारी संभाग बनाओ अभियान के कार्यालय प्रभारी प्रदीप भाटी ने दी है।

**संभाग बनाओ अभियान के विषय में सांसद द्वय से की गई मुलाकात–** मंदसौर नागरिक मंच द्वारा संभाग बनाओ अभियान के तहत आगामी 2 अक्टूबर से पोस्टकार्ड अभियान से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जा रहा है। इसी सिलसिले में सांसद सुधीर गुप्ता और राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर से मुलाकात की गई। सांसद द्वय ने इस आंदोलन को पूरा समर्थन देने और जन भावनाओं को उप्रर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। श्री गुप्ता और श्री गुर्जर से मुलाकात करने वाले वालों में सर्व श्री नरेन्द्र अग्रवाल,ब्रजेश जोशी,मुकेश काला, डा.भानुप्रताप सिंह सिसोदिया, जगदीश चौधरी,नंदू भाई आडवाणी नरेंद्र कुमार त्रिवेदी , पंकज बिसलरी आदि थे।

## सायबर सुरक्षा के तहत कार्यशाला सम्पन्न



**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सायबर से संबंधित हो रहे क्राइम/अपराधों से आम जनता को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुलिस विभाग, खेल और युवा कल्याण विभाग एवं पी.जी. कॉलेज, मन्दसौर के संयुक्त तत्वावधान में सायबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन पी.जी. कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया। इस आयोजन में कॉलेज के छात्र–छात्राओं, एन.सी.सी., एन.एस.एस. और खिलाड़ियों एवं पी.जी. कॉलेज के अधिकारी कर्मचारी एवं स्टॉफ ने भी भाग लिया। कार्यशाला में श्री रितेश नागर और श्री सत्येंद्र सिंह राजपूत ने उपस्थित सभी को सायबर सुरक्षा एवं अपराध के अंतर्गत एंड्रॉयड मोबाईल, इंटरनेट, कई तरह की एप्लीकेशन के माध्यम से कैसे लोगों को ठगा जाता है, ब्लेक मेल किया जाता है, इसकी जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, सायबर सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर श्री रितेश नागर, श्री सत्येंद्र राजपुर, एन.सी.सी. अधिकारी श्री योगेश पटेल उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत किया श्रमदान

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा है पखवाडे के अंतर्गत एनएसएस इकाई द्वारा पुराने बस स्टैंड पर स्थित नेहरू उद्यान एवं बस स्टैंड परिसर में श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक किया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए श्रमदान कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि समस्त नगरवासियों को इस अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए और अपने आस–पड़ौस को स्वच्छ रखकर अपने नगर को साफ और सुंदर बनाना चाहिए। कार्यक्रम में नगरपालिका मंदसौर अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि शासन के प्रयासों के साथ–साथ जन–जागरूकता से हम अपने शहर को साफ और स्वच्छ रख सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। इस अवसर गणमान्य अतिथियों ने स्वच्छता अभियान में शामिल विद्यार्थियों को माय भारत लोगो प्रिंटेड केप, डायरी, पेन और ग्लब्स भी दिए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य एवं प्रो. संजय पंवार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने 'प्रकृति के दुश्मन तीन पाउच, पन्नी, पॉलिथीन' 'जन-जन को दो यह संदेश, साफ स्वच्छ हो अपना देश' 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' आदि नारों से नेहरू बस स्टैंड से गांधी चौराहे तक स्वच्छता जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक, गाजर घास व अन्य कचरे को इकट्ठा कर नेहरू उद्यान और बस स्टैंड परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवक मौजूद थे।



## स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली

**मनासा, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा द्वारा मनासा नगर में स्वच्छता जागरूकता रैली एवं प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सब्जी मंडी से शुरू होकर नीमच नाके पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में सब्जी मंडी में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं लोगों को प्रेरित किया है कि वह कपड़े का थैला अपनाए एवं प्लास्टिक की थैलियां का उपयोग ना करें साथ हि नगर में स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से सभी को प्रेरित किया। अंत में नीमच नाके पर सामूहिक स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष अश्विन सोनी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एम.एल. धाकड़, डॉ. अनिल जैन डॉ.जीके कुमावत, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशा पटेल, एनसीसी प्रभारी प्रो. सुशील मईडा साहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

# शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती पर होगा कार्यक्रम का आयोजन

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को प्रात: 10.30 बजे गांधी चौराहा पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर की ओर से कार्यक्रम आयोजित है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी कि प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा एवं गांधी जी एवं शास्त्री जी के कार्यों कों याद किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जी जैन सहित वरिष्ठ नेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने शहर ब्लॉक के सभी पदाधिकारीगण, मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्षगण,सभी बी एल ए साथीगण,सभी वर्तमान एवं पूर्व पार्षदगण,सभी पार्षद प्रत्याशीगण,सभी बूथ अभिकर्तागण,मोर्चा संगठन,विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण,सभी मन्दसौर शहर के कांग्रेस कार्यकर्तागण से अनुरोध किया है कि आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी कर अपनी सहभागिता करें । डॉ तोमर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मन्दसौर नगर पालिका को नगर निगम एवं जिला मुख्यालय को संभाग का दर्जा दिलाने की मांग के अभियान की शुरुआत भी की जाएगी।

## मंदसौर मंडी में 7 से मुंगफली की नीलामी शुरू

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर कृषि उपज मण्डी में 7 अक्टूबर 2024, सोमवार से मुंगफली की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होगी। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली इस नीलामी का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के साथ-साथ उन्हें दूरस्थ मंडियों में जाने की परेशानी से बचाना है। मण्डी समिति ने इस पहल के तहत क्षेत्र के सभी मुंगफली उत्पादक किसानों को अपनी उपज मंदसौर मण्डी में लाकर बेचने का आग्रह किया है। कृषि उपज मण्डी समिति ने आश्वासन दिया है कि किसानों को यहाँ सही तोल के साथ उचित मूल्य मिलेगा।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा का भ्रमण कार्यक्रम



**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला सत्कार अधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी मंदसौर द्वारा बताया गया कि उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा मंदसौर आएगें। तय कार्यक्रम अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा 1 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे स्थानीय कार्यक्रम में सहभागीता करेंगे।

## श्री केशव सत्संग खानपुरा में 3 से मनाया जावेगा नवरात्र महोत्सव

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में 3 अक्टूबर गुरूवार को घट स्थापना की जाकर प्रात: 8.30 बजे से श्री रामचरित मानस का सामूहिक नवान्ह पारायण पाठ प्रारंभ होगा। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मदनकुमार गेहलोत, सहसचिव प्रवीण देवड़ा, न्यासीगण बंशीलाल टांक, प्रहलाद काबरा, सत्यनारायण सोमानी, जगदीशचन्द्र गर्ग, संतोष जोशी, जगदीशचन्द्र भावसार, महेश गर्ग अजय मित्तल, अजय सिखवाल, राजेश तिवारी, सूरजपालसिंह तोमर ने सभी मानस प्रेमी धर्मालुजनों से नवरात्रि महोत्सव वं नवान्ह पारायण पाठ में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

# मप्र के नए मुख्य सचिव बने आईएएस अनुराग जैन



**भोपाल, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश की मुख्य सचिव वीर राणा सोमवार को सेवानिवृत्त हो गई। उनके स्थान पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग जैन को मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव रह चुके हैं और वर्तमान में सचिव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय हैं। जल्द ही विधिवत आदेश जारी होंगे।

प्रदेश में नए मुख्य सचिव को लेकर काफी दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं। इस पद के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और अपर मुख्य सचिव गृह एसएन मिश्रा के नाम चर्चा में थे। अनुराग जैन को विधानसभा चुनाव के पहले भी प्रदेश का मुख्य सचिव बनाए जाने की चर्चाएं थीं लेकिन तब भारत सरकार से अनुमति नहीं मिली थी। फिर प्रदेश की वरिष्ठ अधिकारी वीर राणा को प्रभारी मुख्य सचिव और फिर पूर्णकालिक मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। लोकसभा चुनाव को देखते हुए मोहन सरकार ने उन्हें छह माह की सेवावृद्धि दिलाई, जिसकी अवधि 30 सितंबर 2024 को पूरी हो गई। पिछले दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनुराग जैन से मुलाकात की थी। इसके बाद उनका नाम भी प्रदेश के मुख्य सचिव पद के लिए चर्चा में आया था।

**मंडला, मंदसौर और भोपाल में रहे थे कलेक्टर–**जैन मंडला, मंदसौर और भोपाल में कलेक्टर रह चुके हैं। 2005 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सचिव थे। 2011 से 2015 तक प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव पद का दायित्व संभाला। विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश में वापसी हुई और वित्त विभाग की जिम्मेदारी संभाली। कमल नाथ सरकार में वर्ष 2020 में वे फिर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए थे। तब से वही पदस्थ हैं। जैन अगस्त 2025 में सेवा निवृत होंगे।

**केंद्र में निभाई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां–**अनुराग जैन 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इन्हें प्रधानमंत्री की पसंद का अधिकारी माना जाता है। इसके पहले उन्हें केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा चुकी हैं। आईएएस अनुराग जैन वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में सचिव के पद पर हैं। इसके बाद अब वे वापस भोपाल लौटेंगे। अनुराग जैन लंबे समय से केंद्र में रहे हैं। ऐसे में उनके मुख्य सचिव बनने से केंद्र और राज्य सरकार में अच्छा समन्वय हो सकेगा। मध्य प्रदेश की बात को वे केंद्र में अच्छे से रख पाएंगे। केंद्र सरकार में रहते हुए उन्होंने वे अलग-अलग मंत्रालयों के बीच समन्वय का कार्य भी कर चुके हैं।

**आईआईटी खड़गपुर से किया है बीटेक–**आईएएस अनुराग जैन ने 1986 में आईआईटी खड़गपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक ऑनर्स किया है। 1989 में वे आईएएस बने, इसके बाद उन्होंने अमेरिका के मैक्सवेल स्कूल से लोक प्रशासन में एमए किया था।

**ई–गवर्नेंर्स के लिए मिल चुका है अवार्ड–**आईएएस अनुराग जैन को कई बड़े अवार्ड भी मिल चुके हैं। ई-गवर्नेंर्स के लिए उन्हें केंद्र सरकार द्वारा वेब रत्न पुरस्कार दिया गया था। आईएएस जैन की सूचना और प्रौद्योगिकी को लेकर रुचि है।

**टेनिस में जीते 11 अवार्ड–** आईएएस अनुराग जैन एक बहुत अच्छे टेनिस खिलाड़ी भी हैं, उन्होंने इसमें 11 नेशनल अवार्ड जीते हैं। क्रिकेट में भी उन्होंने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था।

# अवनी भावसार के आलराउंडर प्रदर्शन से भोपाल रीजन ने जीता कास्य पदक



**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन की 53वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर रीजन द्वारा केवी विद्यालय नंबर 1 अजमेर में किया गया। जिसमें भोपाल रीजन ने अंडर 17 बालिका क्रिकेट वर्ग में कांस्य पदक जीता । इस प्रतियोगिता में मंदसौर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय से चयनित एकमात्र छात्रा अवनी पिता सुरेश भावसार ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सब का ध्यान आकर्षित किया और कांस्य पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता का आयोजन 23 गुडगांव, बैंगलोर, जयपुर रीजन टीमों के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इसमें अवनी भावसार के आलराउंडर प्रदर्शन से भोपाल रीजन ने कास्य पदक जीता। उनके इस प्रदर्शन से मंदसौर का गौरव बढ़ाया है। इस पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीलांजनी प्रसाद, मुख्याध्यापक ऋत्विक अग्रवाल, शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षक उमेश रावत, खेल कोच मंगलेश बैरागी दशपुर क्रिकेट अकादमी मंदसौर के कोच आमीन चौधरी एवं भोपाल रीजन कोच दिव्या (करेरा, हरियाणा) ने अवनी के प्रदर्शन की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 15 | 2500 | 2690 |
| उड़द | 211 | 4500 | 7022 |
| सोयाबीन | 5300 | 3900 | 4800 |
| गैहु | 2900 | 2705 | 3200 |
| चना | 215 | 6700 | 7841 |
| मसुर | 233 | 5450 | 6072 |
| धनिया | 210 | 5102 | 7330 |
| लहसुन | 11100 | 11000 | 27800 |
| मैथी | 500 | 5100 | 6376 |
| अलसी | 3230 | 5800 | 6281 |
| सरसो | 305 | 5800 | 6070 |
| तारामीरा | 5 | 5141 | 5200 |
| इसबगोल | 70 | 10500 | 13400 |
| प्याज | 1900 | 1500 | 6758 |
| कलोंजी | 5 | 13200 | 18900 |
| डॉलर | 15 | 10700 | 13453 |
| तिल्ली | 35 | 9500 | 13300 |
| मटरसुखी | 8 | 4801 | 6300 |
| असालीया | 56 | 10651 | 13300 |

## चाइनीज लहसून और भारतीय बाजार में उसकी उपस्थिति....

# भारतीय लहसून व्यापारियों के लिए गंभीर चिंता का विषय



**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** हाल ही में भारतीय बाजारों में चाइनीज लहसुन के बेचे जाने की खबरें चर्चा में हैं। खासकर मध्य प्रदेश के मंदसौर मंडी जो कि प्रदेश में लहसुन उत्पादन और व्यापार का मुख्य केंद्र है, में इसका सीधा असर देखा जा रहा है। मंदसौर में लहसुन के भाव में भारी गिरावट देखने को मिल रही है, जो लगभग 4,000 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच चुकी है। यह गिरावट भारतीय लहसुन व्यापारियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

**चाइनीज लहसून का भारतीय बाजार में प्रवेश–** जब भी भारतीय बाजार में लहसुन की कीमतें बढ़ती हैं, तब नेपाल के रास्ते चाइनीज लहसुन की अवैध तस्करी की खबरें सामने आती हैं। यह तस्करी खासकर दक्षिण भारत, महाराष्ट्र और बिहार जैसे लहसुन की भारी खपत वाले राज्यों में होती है। कई व्यापारी चाइनीज लहसुन को स्थानीय मंडियों में उतार देते हैं, जिससे भारतीय लहसुन की मांग और उसकी कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, चाइनीज लहसुन को ज्यादा पसंद किए जाने का एक और कारण इसकी बेहतर पैकेजिंग और सफाई है। चाइनीज लहसुन का वजन स्थिर होता है, जबकि भारतीय लहसुन को साफ करने के बाद उसका वजन 2 से 3 किलो तक घट जाता है। इससे व्यापारियों को अधिक लाभ मिलता है।

**भारतीय और चाइनीज लहसून में अंतर–** भारतीय और चाइनीज लहसुन को पहचानना मुश्किल नहीं है। इनके बीच मुख्य अंतर उनके रंग, आकार और गंध में देखा जा सकता है। चाइनीज लहसुन का रंग हल्का सफेद और गुलाबी होता है, जबकि भारतीय लहसुन का रंग सफेद या क्रीम जैसा होता है। चाइनीज लहसुन आकार में बड़ा और चमकदार होता है, जबकि भारतीय लहसुन छोटे होते हैं। भारतीय लहसुन की गंध बहुत तेज होती है, जबकि चाइनीज लहसुन की गंध हल्की होती है, जिससे यह आसानी से पहचाना जा सकता है।

**चाइनीज लहसून के खतरनाक प्रभाव–** भारतीय बाजार में चाइनीज लहसुन के अवैध प्रवेश के साथ ही इसके सेवन से जुड़े स्वास्थ्य खतरों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया है। चाइनीज लहसुन को खतरनाक माना जाता है, क्योंकि इसमें पाए जाने वाले फंगस और कीटनाशकों का स्तर अत्यधिक होता है। चाइनीज लहसुन में पाए जाने वाले फंगस से गंभीर बीमारियां होने का खतरा होता है। फंगस के कारण यह लहसुन मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है। कीटनाशक इसे कीड़ों से बचाने के लिए मेथाइल ब्रोमाइड जैसे खतरनाक रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है। इस रसायन के संपर्क में आने से पेट संबंधी बीमारियां, अल्सर और संक्रमण जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। पेट की बीमारियां चाइनीज लहसुन के सेवन से पेट से संबंधित बीमारियां होने का खतरा रहता है, जैसे अल्सर, संक्रमण और पेट के विभिन्न रोग। किडनी से जुड़ी समस्याएं चाइनीज लहसुन के नियमित सेवन से किडनी से जुड़ी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसमें मौजूद जहरीले तत्व मानव शरीर के लिए हानिकारक होते हैं, जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।



नेमीचंद राठौर

**भारत में प्रतिबंधित चाइनीज लहसून–** भारत सरकार ने चाइनीज लहसुन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद, मुनाफाखोरी के उद्देश्य से यह लहसुन भारतीय बाजार में बेची जा रही है। चाइनीज लहसुन भारतीय लहसुन की तुलना में सस्ती होती है, जिससे कई व्यापारी ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में इस अवैध व्यापार में लिप्त हो जाते हैं।

**अफगानी लहसून का आगमन–** हाल ही में, न केवल चाइनीज लहसुन बल्कि अफगानिस्तान से भी लहसुन भारतीय बाजारों में आ रही है। इससे भारतीय लहसुन व्यापार और किसानों पर और भी दबाव बढ़ता जा रहा है। अफगानी लहसुन की गुणवत्ता और उसके प्रभावों के बारे में अभी व्यापक जानकारी नहीं है, लेकिन यह भी भारतीय लहसुन की कीमतों को प्रभावित कर रही है।

**लहसून व्यापारियों की चिंता–** मंदसौर मंडी के लहसुन व्यापारी, जैसे अनिल मित्तल ने बताया कि भारतीय लहसुन अपनी स्पाइसीनेस और स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए जानी जाती है। इसका उपयोग न केवल खाने में बल्कि आयुर्वेदिक औषधियों में भी होता है। भारतीय लहसुन का सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है, जबकि चाइनीज लहसुन को स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। चाइनीज लहसुन का भारतीय बाजार में प्रवेश न केवल लहसुन की कीमतों पर दबाव डालता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। इसकी पहचान करना मुश्किल नहीं है, लेकिन बाजार में इसे प्रतिबंधित करने की सख्त जरूरत है। सरकार और प्रशासन को इस अवैध व्यापार पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे ताकि भारतीय लहसुन की गुणवत्ता और बाजार मूल्य को बचाया जा सके। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को भी इस विषय पर जागरूक रहना चाहिए और चाइनीज लहसुन के खतरों से बचने के उपाय अपनाने चाहिए।



# हॉकी में केंद्रीय विद्यालय की बड़ी उपलब्धि

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भुवनेश्वर में 25 से 29 सितंबर में हुए केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल में भोपाल रीजन कांस्य पदक विजेता रहा ज्ञात रहे इसमें संपूर्ण केंद्रीय विद्यालय की टीमें रीजन के रूप में भाग लेती है। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवडा ने दी उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में खेल रही भोपाल रीजन की टीम में 8 हॉकी खिलाडी केंद्रीय विद्यालय मंदसौर के खेल रहे थे। भोपाल रीजन ने अपने पहले मैच में हैदराबाद रीजन को उसके बाद पटना मुंबई और रांची को हराया केंद्रीय विद्यालय मंदसौर की ओर से जो 8 खिलाडी थे वह इस प्रकार थे आरव तिवारी, मोहित बथमी, युवराज गंधर्व, प्रतीक केसरिया, पृथ्वीराज सिंह, देव राठौर व हर्ष डोडिया यह सभी खिलाडी मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेंटर व केंद्र शासन द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर के नियमित सदस्य है। प्रतियोगिता में भोपाल रीजन की ओर से आरव तिवारी ने 4, गिरिराज सिंह ने 6, पुष्पराज ने 1, मोहित ने 1, भावेश ने 4, और प्रतीक केसरिया ने 4 गोल किए भोपाल रीजन में इन सभी खिलाडियों का चयन ग्वालियर में हुई रीजनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल के आधार पर किया गया था किस प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय मंदसौर विजेता रहा था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केंद्रीय विद्यालय मंदसौर के खेल प्रशिक्षक उमेश सर, कोच मंगल बैरागी और पीछे से प्रोत्साहन देने वाली स्कूल की प्राचार्या मैडम दास का महत्वपूर्ण योगदान रहा खिलाडियों की इस उपलब्धि पर की हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवडा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज्ज़ाक, सीनियर खिलाडी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवडा, अजय सिंह गौड, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला, अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी हॉकी मंदसौर के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कनौजिया ने दी।

### आज अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर रेडक्रॉस द्वारा वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी शाखा मंदसौर के द्वारा वात्सल्य धाम (वृद्धाश्रम) में प्रात: 10बजे मंदसौर नगर के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जायेगा। जिला रेडक्रॉस सोसायीटी चेयरमेन श्री प्रीतेश चावला एवं वात्सल्य धाम प्रभारी संजय नामदेव ने बताया की प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी शाखा मंदसौरके द्वारा वात्सल्य में निवासरत वरिष्ठजन एवं मंदसौर नगर के वरिष्ठजनों का सम्मान प्रात: 10 बजे किया जायेगा। सभी रेडक्रॉस के सभी पदाधिकारी, संचालन मंडल एवं नगर के गणमान नागरिक से आग्रह है की वे इस कार्यक्रम में शामिल होवें इस आशा की अपील वाईस चेयरमेन संजय पोरवाल, कोषाध्यक्ष राहुल सोनी, संचालन मंडल सदस्यगण सर्व श्री राजेन्द्र अग्रवाल ,राजकुमार गुप्ता,डॉ.प्रतिपाल राणा,नरेन्द्र मालू,डॉ.कमलेश कुमावत,सुनील बंसल,प्रकाश सिसोदिया,विकास जैन,शैलेन्द्र भंडारी,प्रमोद अरविन्दकर, हेमंत शर्मा,चन्द्र शेखर निगम,आशीष खमेसरा,पुष्पेन्द्र भावसार,विजय मेहता, कुलदीप सिंह सिसोदिया ने की है।

### स्वच्छता पर पेन्टिग प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 30 सितम्बर 2024 को अपनाघर बालगृह बालिका, मन्दसौर में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपनाघर अधीक्षक भारती शर्मा ने बताया कि स्वच्छता हम सभी का संस्कार है। स्वच्छता और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक है। स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता आवश्यक है। सीबीसी के प्रभारी देवेन्द्र कुमार द्वारा मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक स्वच्छता पर प्रकाश डाला गया। सभी बालिकाओं ने पेन्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर पेन्टिंग के माध्यम से स्वच्छता पर अपने मनोभावों को कागज पर उकेर कर स्वच्छता का संदेश दिया। उपस्थित सभी ने गन्दगी न करने एवं किसी और को भी गन्दगी न करने देने की शपथ ली। इस अवसर पर सलाहकार वंदना गौड, ललित कुमार एवं अन्य स्वंसेवक उपस्थित रहे।



## श्रीमंत सिंधिया जी की पुण्यतिथि मनाई

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री सिंधिया विचार मंच द्वारा 30 सितम्बर, सोमवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत माधवरावजी सिंधिया की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत परिसर स्थित श्री माधवराव सिंधिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा स्व. सिंधिया द्वारा देश हित व क्षेत्र हित में किये गये कार्यों का स्मरण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश काला, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष भोपालसिंह सिसोदिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अजयसिंह चौहान, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजूभाई चावला, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कुलदीपसिंह सिसौदिया, भाजपा नेता हिम्मत डांगी, सुनील जैन महाबली, सिंधिया फैन्स क्लब के अध्यक्ष पियुष जैन, पूर्व पार्षद विजय गुर्जर, अरूण शमा, सुरेश भावसार, अनुप माहेश्वरी, शहजाद पटेल ,डॉ. शिवसिंह भाटी, संजय राठौर, अम्बालाल चौहान, राजाराम तंवर, जीवन गोसर ,पं. नवले, रविन्द्रसिंह जादौन , अजीजुल्लाह खान, ,पीयूष जैन , किशोर चौधरी, हर्ष शर्मा, नवीन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में कैलाश वाशी . महाराज के जीवन पर प्रकाश डाल उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

# मप्र में सरकारी कर्मचारियों को तोहफा, सरकार ला रही योजना

**भोपाल, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के शासकीय सेवकों को अब मकान किराए पर देकर उन्हें मकान का मालिक बनाया जाएगा। राज्य सरकार हायर परचेस माडल लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत शासकीय कर्मचारी को मकान किराए पर देकर किश्तों में मकान की वास्तविक कीमत का भुगतान करना होगा और अंतिम किश्त के भुगतान के बाद कर्मचारी को मकान का मालिकाना हक दे दिया जाएगा।

**कुछ साल पहले बंद कर दी गई थी योजना–** कुछ साल पहले बंद कर दी गई हायर परचेस योजना को मोहन सरकार में पुन: शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। प्रदेश में शासकीय आवास गृहों की बढ़ती हुई मांग व कमी को देखते हुए इसकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य शासन के अंशदान के साथ आवंटियों की भागीदारी और हायर परचेस मॉडल, एन्यूटी माड्ल, निजी आवासीय कांप्लेक्स किराए पर लेने व अन्य प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। प्रदेश के महानगरों में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में यह माडल लागू होगा। इसके लिए एक समिति गठित की जाएगी। समिति द्वारा प्रदेश में शासकीय आवास गृहों के निर्माण के लिए वैकल्पिक वित्तीय तथा क्रियान्वयन प्रक्रिया के प्रस्ताव बनाए जाएंगे।

**क्या है व्यवस्था–** इसी तरह पात्र शासकीय सेवकों को लंबी अवधि तक शासकीय अशंदान से स्वयं के आवास गृह उपलब्ध कराने के वैकल्पिक वित्तीय तथा क्रियान्वयन प्रस्ताव, निजी आवासीय भवनों, अपार्टमेंट को लंबी अवधि पर लीज, किराए पर लेकर गृह भाड़ा के विरुद्ध आवांटितियों से किराए आवंटित व्यवस्था, अनुशंसित वित्तीय तथा क्रियान्वयन प्रस्ताव पर चयनित महानगरों में पायलेट प्रोजेक्ट शुरू करने की रूपरेखा व अनुशंसा समिति द्वारा की जाएगी। समिति की अनुशंसा के बाद इसे शुरू किया जा सकेगा।

**शिवराज सरकार में भी आया था प्रस्ताव–** हायर परचेस मॉडल सहित कर्मचारियों को आवासीय सुविधा देने के लिए ऐसे विकल्पों पर विचार किया गया था। इसके लिए अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान की अध्यक्षता में समिति भी गठित की गई थी। समिति को एक माह में अपनी अनुशंसाएं सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्तुत करनी थी। लेकिन इस पर उस समय निर्णय नहीं हो सका।

**क्या है हायर परचेस सिस्टम और एन्यूटी मॉडल–** हायर परचेस सिस्टम (किराया क्रय पद्धति) एक ऐसी पद्धति हैं जिसमें एक समझौते या अनुबंध के आधार पर खरीददार मकान या भूखंड का मूल्य नकद में न चुकाकर किस्तों में भुगतान करने का वादा करता हैं। इस पद्धति में मकान क्रेता को सौंप दिया जाता है लेकिन मकान का स्वामित्व विक्रेता के पास ही रहता है। क्रेता को माल की सुपुर्दगी के साथ ही उसको प्रयोग करने का अधिकार दे दिया जाता हैं। जब तक क्रेता द्वारा अंतिम किस्त का भुगतान नहीं कर दिया जाता है, तब तक क्रेता उस वस्तु का मालिक नहीं हो सकता हैं। यदि क्रेता किस्तों का भुगतान करने में देरी या चूक करता है तथा पूरी किस्तों का भुगतान नहीं कर पाता है तो भुगतान की गई किस्तों को जब्त कर लिया जाता है और उसे किराया (हायर चार्ज) शुल्क मान लिया जाता है। इसलिए इस पद्धति को किराया क्रय पद्धति (हायर परचेस सिस्टम) कहा जाता है। इसी तरह हाइब्रिड एन्यूइटी मॉडल (एचएएम) एक नए प्रकार का सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) माडल है। इसके अंतर्गत सरकार कार्य आरंभ करने के लिए डेवलपर (किसी भूखंड पर निर्माण कार्य में संलग्न व्यक्ति या संघ) को परियोजना लागत का 40 प्रतिशत उपलब्ध कराएगी। शेष निवेश निजी डेवलपर को करना होगा।

### अतिवृष्टि से फसल क्षति का सर्वे कार्य आज ही पूर्ण करें–कलेक्टर

**नीमच, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच जिले के सभी तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अतिवृष्टि से फसलों को हुई क्षति का सर्वे कार्य तत्परतापूर्वक पूर्ण करें। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों , राजस्व अधिकारियों को फसल क्षति का सर्वे करने का कार्य मंगलवार तक पूर्ण कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने उक्त कार्य को प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश भी संबंधित एसडीएम को दिए हैं।

### अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर कल

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन डिगांवमाली में आयोजित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री करेंगे नगर परिषद को सम्मानीत

**पिपलियामंडी, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी के हाथों से मंदसौर जिले की पिपलिया मंडी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा श्री सुनील देवरिया एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी सीएमओ श्री प्रवीण सेन एवं पिपलिया मंडी नगर परिषद के इंजीनियर श्री राजेश उपाध्याय,और सफाई कर्मचारी मुकेश राठौर दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे और पिपलिया मंडी में स्वच्छता एवं विकास कार्य को लेकर। नई दिल्ली में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन पिपलिया मंडी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा श्री सुनील देवरिया एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी सीएमओ श्री प्रवीण सेन, इंजीनियर श्री राजेश उपाध्याय,और सफाई कर्मचारी मुकेश राठौर को भी दिल्ली में 2 अक्टूबर को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सम्मानित करेंगे और आपको याद दिला रहे की नगर के टेंचिग ग्राउंग में डंप साइट से अपशिष्टउपचार पश्चात प्राप्त भूमि पर वेस्ट टू वंडर पार्क निर्माण किया जिसको लेकर के दिल्ली से एक आदेश जारी किया गया जिसमें पिपलिया मंडी नगर परिषद को बुलाया गया है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी मोदी से सम्मानित होंगे ऐसा पहली बार हुवा एक छोटी सी नगर परिषद के अध्यक्ष मुख्य नप अधिकारी इंजीनियर व कर्मचारी को प्रधानमंत्री के हाथों सम्मान मिल रहा है।

### जिला योजना समिति, जिला स्तरीय नामकरण एवं जिला पुरातत्व की बैठक आज

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला सत्कार अधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश शासन की मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में 1 अक्टूबर 2024 को प्रात: 11.30 बजे जिला योजना समिति की बैठक, दोपहर 12.45 बजे जिला स्तरीय नामकरण समिति की बैठक, दोपहर 1 बजे जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक एवं दोहपर 3 बजे कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से लॉ एण्ड आर्डर सहित अन्य विषयों पर चर्चा करेंगे। शाम 6 बजे मंदसौर से झाबुआ के लिये प्रस्थान करेंगे।

# स्कूल में पांच साल की बच्ची का नाबालिग ने किया यौन शोषण, अभिभावकों के प्रदर्शन पर विद्यालय सील

**रतलाम, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के एक निजी स्कूल में करीब पांच वर्ष की बच्ची का उसी स्कूल के करीब 16 वर्षीय छात्र द्वारा यौन शोषण किया। मामले को लेकर अभिभावक व लोग आक्रोशित हो गए। अभिभावक बड़ी संख्या में स्कूल के बाहर पहुंचे तथा सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। इससे वहां हंगामें की स्थिति बन गई।

पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने वहां पहुंचकर मौर्चा संभाला। प्रशासन ने स्कूल की छुट्टी करवा दी तथा स्कूल के संचालक, प्राचार्य, शिक्षकों व कर्मचारियों को पीछे के गेट से सुरक्षित निकालकर स्कूल सील कर दिया। मामला 28 सितंबर का है, जहां छात्रा का स्कूल के ही एक कर्मचारी के नाबालिग बेटे ने यौन शोषण किया। छात्रा की मां की शिकायत पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने आरोपित छात्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने उसे बाल न्यायालय में पेश किया, जहां से बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया था। सोमावर सुबह स्कूल खुलने के बाद सुबह करीब साढ़े नौ बजे अभिभावक, विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता आदि स्कूल के बाहर एकत्र हुए और स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग करने लगे। कुछ देर बाद एसडीएम अनिल भाना, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, सीएसपी अभिनव वारंगे, थाना प्रभारी वीडी जोशी आदि मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की।

**स्कूल की छुट्टी–** हंगामा बढ़ता देख प्रशासन ने पहले स्कूल की छुट्टी की तथा बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ स्कूल के पीछे के रास्ते से घरों के लिए रवाना किया। जब स्कूल प्रबंधन व शिक्षकों को पीछे के रास्ते से निकाला जा रहा था, तब लोग भी पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। एसडीएम व सीएसपी भी अभिभावकों को समझाने का प्रयास करते रहे लेकिन प्रदर्शनकारी काफी देर तक आक्रोश व्यक्त करते रहे। स्कूल बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। अभिभावकों का कहना था कि पूरे स्कूल परिसर में सीसीटीवी लगाए जाएं। उन्हें भी उसकी आईडी दी जाए, ताकि वे भी बच्चों को देख सकें।

**स्कूल बंद करने की मांग–** अपर कलेक्टर डॉ. शालीनी श्रीवास्तव, एएसपी राकेश खाखा भी स्कूल पहुंचे तथा प्रदर्शन कर रहे लोगों से चर्चा की। शोर-शराब व नारेबाजी ज्यादा होने के चलते अफसरों ने कुर्सी पर खड़े होकर माइक लेकर आश्वासन दिया कि जो शिकायत है, लिखित में दीजिए, जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों का कहना है कि जब तक सुरक्षा के इंतजाम ना हों, स्कूल बंद रखा जाए, अभी ताला लगाया सील किया गया है। जब तक सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होंगे, तब तक स्कूल बंद रहेगा।

# प्रथम चरण की सफलता की बधाई के साथ द्वितीय चरण में मातृशक्ति और युवा साथियों पर करे फोकस-अटोलिया

**सदस्यता अभियान के प्रथम चरण की समीक्षा एंव द्वितीय चरण की कार्ययोजना को लेकर भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न**



**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश समीक्षा बैठक में संगठनात्मक रूप से सदस्यता अभियान में उल्लेखनीय लक्ष्य प्राप्ति पर शीर्ष नेतृत्व की प्रशंसा प्राप्त करने के बाद आज सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने भाजपा जिला कार्यालय पर आवश्यक बैठक ली। बैठक में मंच पर सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी एंव भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना, सदस्यता अभियान के जिला सह प्रभारी अजय तिवारी एंव पुलकित पटवा उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया का प्रदेश में भाजपा जिला मंदसौर को सदस्यता अभियान में प्रथम आने पर जिला पदाधिकारीगण एंव मंडल अध्यक्ष/महामंत्री गणों द्वारा शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि 02 सितंबर 2024 को भारतीय जनता पार्टी ने संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 की शुरुआत की। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मिस्ड कॉल और डिजिटल फॉर्म द्वारा विवरण देकर स्वयं को भाजपा के प्राथमिक सदस्य के रूप में पंजीकृत किया। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी, पूर्व अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह और श्री अमित शाह ने भी पार्टी के प्राथमिक सदस्यों के रूप में पंजीकृत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा द्वारा 3 सितंबर को पार्टी का सदस्य बनाकर मध्य प्रदेश में सदस्यता अभियान प्रारंभ किया। पहले दिन देश में 47 लाख सदस्यता दर्ज की गई। पहले चरण में मध्य प्रदेश में 1 करोड से अधिक लोगों का पंजीकरण हुआ। वही गुजरात एवं असम में क्रमश: 85 लाख और 50 लाख सदस्यों को पंजीकृत किया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा जैसे छोटे प्रदेश सदस्यता अभियान में अच्छी गति बनाए हुए हैं। द्वितीय चरण में भाजपा, मोर्चा एंव प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं को सार्वजनिक स्थानों पर स्टॉल लगा कर नवीन सदस्यों का पंजीकरण करना चाहिए। 01 से 15 अक्टूबर तक, हमें विशेष रूप से समाज के विभिन्न वर्गों (जैसें- शिक्षाविद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर पेशेवर, कला और संस्कृति, खेल, डॉक्टर, महिला स्वयं सहायता समूह आदि) से संपर्क करना है और उन्हें सदस्य के रूप में पंजीकृत करना है। सक्रिय सदस्यता अभियान प्रदेश के साथ जिले में 16 से 30 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिन कार्यकर्ताओं कम से कम 100 सदस्यों का पंजीकरण कराया है, उन्हें सक्रिय सदस्यता दी जाएगी। बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारीगण राजेश पालीवाल, राजेश नामदेव, शिवराजसिंह राणा, हितेश शुक्ला, राजु चावला, पारस मावर, अंकित सोनी, निलेश जैन, राहुल मुजावदिया, विनय धनगर, मोर्चा जिलाध्यक्ष रणजीतसिंह चौहान, निर्मला गुप्ता, मंडल अध्यक्षगण अभिषेक मांदलिया, चन्द्रप्रकाश पंडा, नेपालसिंह चौहान, ओमप्रकाश परमार, लालसिंह देवडा, भारतसिंह डांगी, जीवन शर्मा, सामतसिंह शक्तावत, राजु राणा, जितेन्द्र जाट, विकास सुराना, ईश्वरसिंह पंवार, जगदीश परमार, जितेन्द्रसिंह चौहान, घनश्याम बग्गड़, श्यामसिंह चौहान, राजु गौड़, लालसिंह डुंगावद, राधेश्याम पाथर सहित मंडल महामंत्रीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम जिला प्रभारी एंव भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित ने किया एंव आभार कार्यक्रम सह प्रभारी एंव भाजपा जिला मंत्री अजय तिवारी ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।



## गौशाला में सौर उर्जा से बिजली उत्पादन पर कार्य करें

**मंदसौर, 30 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान पशुपालन विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला में सौर ऊर्जा से बिजली बनाने के लिए योजना तैयार करें। स्वास्थ्य विभाग डेंगू की रोकथाम के लिए लगातार लार्वा चेक करें तथा इसके लिए लोगों को जागरूक करें। नगर पालिका जहां पर पानी भरा है, उसकी साफ सफाई करें। जिससे लार्वा उत्पन्न ना हो। पेयजल स्त्रोतों में ब्लीचिंग पाउडर समय-समय पर डालें। जिससे पानी साफ रहे। जिला आपूर्ति विभाग खाद्यान्न का शत प्रतिशत वितरण समय पर करें।

### रास्ता रोकने से मना...

पेज 1 से जारी

व शंकर पिता रामलाल कांटे जमाकर रास्ता रोक रहे थे, मैंने मना किया तो गाली-गलौज की व लकडी से पीटा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### ✻ शोक संदेश ✻



शास्त्रीय संगीत ओर मालवी लोक गीत गाकर मंत्र मुग्ध करने वाले मालवी लोक कला के कवि, दूरदर्शन,आकाशवाणी कलाकार पंडित श्याम जी चौबे का स्वर्गवास 30 सितम्बर को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 1 अक्टूम्बर मंगलवार को प्रात:- 10.30 बजे निज निवास चित्रगुप्त मंदिर चिचानी कालोनी नागदा गली के पीछे रेल्वे स्टेशन रोड मन्दसौर से शव वाहन से मुक्तिधाम जाएगी।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
चौबे परिवार

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in